प्रसार भारती

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 शुक्रवार** **दिनांक 07.06.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी नौ जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।
- भाजपा विधायक दल के साथ ही विभिन्न पदाधिकारियों की बैठक आज रायपुर में आयोजित की गई।
- राज्य सरकार ने तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला किया–नीलेश कुमार क्षीरसागर को कांकेर जिले का नया कलेक्टर बनाया गया।
- आगामी ग्यारह जून तक मानसून के बस्तर पहुंचने की संभावना।

..............................

**प्रधानमंत्री–शपथ**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी रविवार नौ जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में शाम छह बजे आयोजित किया जाएगा। आज एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान भाजपा नेता प्रहलाद जोशी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, नरेन्द्र मोदी और नये मंत्रिमण्डल को शपथ दिलायेंगी।

एनडीए नेताओं ने आज राष्ट्रपति से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा किया। इससे पहले आज एनडीए संसदीय दल ने सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को पार्टी का नेता चुना। नई दिल्ली में पुराने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने श्री मोदी के नाम का प्रस्ताव दिया जिसका गठबंधन के सभी नेताओं ने समर्थन किया। श्री मोदी को लोकसभा में भाजपा और संसदीय दल के नेता के रूप में भी चुना गया है।

इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए उन दलों का समूह नहीं है जो सत्ता के लिए एक साथ आए हैं, बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध गठबंधन है। उन्होंने कहा कि एनडीए भारत के इतिहास में सबसे सफल गठबंधन है और हमारा लक्ष्य सभी निर्णयों में सर्वसम्मति बनाना होगा।

**भाजपा–बैठक**

भारतीय जनता पार्टी के कलस्टर प्रभारी, लोकसभा प्रभारी के साथ ही संगठन के जिला अध्यक्षों की बैठक आज रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में शानदार सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में चार सौ इकतालीस सीटों पर चुनाव लड़ा और दो सौ चालीस सीटों पर जीत हासिल की। इस तरह भाजपा की जीत का प्रतिशत लगभग पचास प्रतिशत रहा है। उन्होंने कहा कि जहां तक छत्तीसगढ़ की बात है, तो बीते वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चौव्वन सीटों पर जीत हासिल की थी और इस चुनाव में अड़सठ विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली है। जबकि कांग्रेस केवल बाईस विधानसभा क्षेत्रों में ही बढ़त बना पाई।

**छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने उच्च न्यायालय में चल रहें नवीन भवन के आधारभूत संरचना के नवीनीकरण के कार्य प्रगति की भी जानकारी ली।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में तेरह मई से सात जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश है, इस दौरान मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के निर्देशानुसार रिट, क्रिमिनल अपील, क्रिमिनल रिवीजन, अवमानना प्रकरणों

एवं अन्य प्रकरणों में औचित्यहीन लंबित प्रकरणों का चिन्हांकन कर सूचीबद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। प्रकरणों का भौतिक सत्यापन जिला न्यायालय बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग में पदस्थ 40 न्यायिक अधिकारियों और उच्च न्यायालय में पदस्थ लगभग 36 अधिकारियों–कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है।

**तबादला**

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों का तबादला किया है। छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार क्षीरसागर को कांकेर जिले का नया कलेक्टर बनाया गया है। वहीं, कांकेर के कलेक्टर अभिजीत सिंह को गृह और जेल विभाग के विशेष सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है। इसी तरह, वासु जैन को योजना और आर्थिक सांख्यिकी विभाग के अवर सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है।

**स्वास्थ्य मंत्री–सुपेबेड़ा**

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी को ध्यान मे रखते हुए वहां एक अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर खोलने की अनुशंसा की। उन्होंने बताया कि सुपेबेड़ा में बीमार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने और बीमारी के कारणों का पता लगाने के लिए एक कमेटी भी बनाई गई है। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने किडनी के मरीजों के बेहतर इलाज के लिए राज्य में एक मॉडल नेफ्रोलाजी सेंटर खोलने के भी निर्देश दिए हैं।

## एनेश्वर वर्मा–नवोन्मेषी किसान पुरस्कार

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने राजनांदगांव के युवा किसान एनेश्वर वर्मा को नवोन्मेषी किसान पुरस्कार से सम्मानित किया है। नई दिल्ली के डॉक्टर बीपी पाल आडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के प्रगतिशील किसान शामिल हुए।

गौरतलब है कि युवा किसान एनेश्वर वर्मा खेती–किसानी में नवाचार के लिए जाने जाते हैं और उनका खेत किसी प्रयोगशाला से कम नहीं है। यहां हर दिन कई किसान उनसे जानकारी लेने पहुंचते हैं।

## बेमेतरा आयुर्वेदिक चिकित्सा

बेमेतरा जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज ज़िला अस्पताल परिसर स्थित आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र में आयुष विंग का शुभारंभ किया। इस आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र में विभिन्न प्रकार के आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराए जाएंगे जिनमें पंचकर्म, हर्बल उपचार और योग शामिल हैं। इस केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम नियुक्त की गई है जो मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा प्रदान करेगी।

## पर्यावरण दिवस–पौधारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रायपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के हितग्राहियों को फलदार और छायादार पौधों का वितरण किया गया। साथ ही इन पौधों को संरक्षित रखने के लिए उन्हें शपथ भी दिलाई गई।

वहीं, रायपुर स्थित आंजनेय विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया, जिसमें प्रादेशिक मौसम केंद्र नागपुर के पूर्व उपमहानिदेशक एम एल साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

**हरित ग्राम सप्ताह**

जांजगीर चांपा जिले में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से चलाई जा रही स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के आयोजन की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इसके साथ ही सामुदायिक कार्यों, हितग्राही मूलक कार्यों के बारे में भी बताया गया। इस दौरान गांवों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

गौरतलब है कि जिले के गांवों में पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी नरेगा के तहत पांच से बारह जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आज आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों, कृषकों, मनरेगा जॉबकार्डधारी परिवारों को भू–जल रिचार्ज करने और जल भराव को लंबी अवधि तक रोकने के उद्देश्य से सोक पिट का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**गांजा–बरामद**

जशपुर जिले के फरसाबहार पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से लगभग पन्द्रह किलो गांजा बरामद किया गया है। जब्त गांजे की कीमत करीब डेढ़ लाख रूपए बताई गई है। आरोपी गांजा को ओडिशा से छत्तीसगढ़ लाकर खपाने के प्रयास में था। पुलिस ने तस्करी में उपयोग की गई मोटर सायकल भी जब्त कर ली है।

वहीं, सरगुजा पुलिस ने **"ऑपरेशन विश्वास"** के तहत बावन नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन जब्त किया है। इसकी कीमत पच्चीस हजार रूपए आंकी गई है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## नेशनल टूर्नामेंट–चयन

महाराष्ट्र के आमगांव में आज से शुरू हुई फ़िट इंडिया चैंपियन ट्रॉफी ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए नारायणपुर जिले के सात खिलाड़ियों का चयन हुआ है। कोच आर. बलरामपूरी ने बताया कि तीन साल से नारायणपुर में इन खिलाड़ियों को ताइक्वांडो, किक बॉक्ससिंग और मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी जा रही है। इन खिलाड़ियों में विशाल भौमिक, अंजली कांगे, दिनु गावड़े, सुमन सलाम, दिव्या कांगे, मुस्कान साहू और श्वेता भौमिक शामिल हैं। कलेक्टर बिपिन मांझी ने इन सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## बातों–बातों में

_______श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **विश्व पर्यावरण दिवस पर छत्तीसगढ़ में किए जा रहे पौधारोपण सहित अन्य विषयों पर वन विभाग की अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक शालिनी रैना से** ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल आठ जून को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**नारायणपुर मुठभेड़**

अभी–अभी प्राप्त समाचार के अनुसार बस्तर संभाग में माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन जवान घायल हो गए हैं। वहीं, एक माओवादी मारा गया है। यह मुठभेड़ नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर स्थित गोवेल के जंगलों में हुई है, हालांकि अभी तक इस मुठभेड़ की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

**मौसम**

**मौसम का हाल....**

दक्षिण–पश्चिम मानूसन के छत्तीसगढ़ पहुंचने के लिए अनुकूल परिस्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार ग्यारह जून तक मानसून बस्तर पहुंचने की संभावना है। दक्षिण बस्तर में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। वहीं, आज प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज हवा चलने के साथ ही बारिश होने की खबर है। सुकमा, अंबागढ़ चौकी और कवर्धा में हल्की वर्षा होने के समाचार मिले हैं। रायपुर समेत कुछ जिलों में गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने और अंधड़ चलने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**
**कुछ खबरें संक्षेप में–**

– राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें भगवान जगन्नाथ का प्रसाद और खंडुआ वस्त्र भेंट किया।

– भारतीय नौसेना की ओर से अग्निवीर की भर्ती के लिए पिछले दिनों आवेदन मंगाए गए थे। इन आवेदनों में त्रुटि सुधार की प्रक्रिया चल रही है। उम्मीदवार कल आठ जून तक आवेदन में सुधार कर सकते हैं।

– इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेकेट्रीज़ ऑफ इंडिया की ओर से एंट्रेस टेस्ट छह जुलाई से शुरू होगा। इसके लिए पन्द्रह जून तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

–      रायपुर में दस जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसे राजधानी में पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में स्थित रोजगार कार्यालय में सुबह ग्यारह बजे से आयोजित किया जाएगा।

–      जांजगीर–चांपा जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा बारह 12 जून को जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर में सुबह ग्यारह बजे प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>